## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–28.11.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. झामुमो नेता हेमंत सोरेन आज राज्य के चौदहवें मुख्यमंत्री के रूप में लेंगे शपथ, समारोह में इंडी गठबंधन के वरिष्ठ नेता समेत कई राजनीतिक हस्तियां होंगी शामिल।
2. शपथ ग्रहण समारोह को लेकर राजधानी रांची की ट्रैफिक व्यवस्था में आज किया गया बदलाव, शहर के निजी और सरकारी स्कूल भी रहेंगे बंद।
3. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन को मिला अवार्ड, साज–सज्जा और बेहतर प्रदर्शनी के लिए उद्योग विभाग ने किया सम्मानित।
4. दक्षिण–पश्चिम बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफान फेंगल का झारखंड में दिखेगा असर, आज से तीन दिसंबर तक छाये रहेंगे आंशिक बादल।
5. पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी के पहले मैच में कल भारत ने थाईलैंड को 11–0 से किया पराजित।

*****************

झारखंड की नयी सरकार का शपथ ग्रहण समारोह आज शाम 4 बजे से मोरहाबादी मैदान में आयोजित होगा। झामुमो नेता हेमंत सोरेन आज चौथी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। इसके साथ ही वे राज्य के चौदहवें मुख्यमंत्री बन जायेंगे। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार उन्हें मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलायेंगे। शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी लगभग पूरी कर ली गयी है।

इधर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि उनकी जानकारी के अनुसार केवल हेमंत सोरेन शपथ लेंगे।

वहीं प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि हेमंत सोरेन अकेले ही शपथ लेंगे, मंत्रिमंडल का विस्तार बाद में होगा।

*****************

हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में आज देशभर की कई राजनीतिक हस्तियां शामिल होंगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, एनसीपी के अध्यक्ष शरद पवार, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखु, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, तमिलनाडू के उप मुख्यमंत्री उदय स्टालिन, कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के अलावा दीपांकर भट्टाचार्य और मनीष सिसोदिया शामिल होंगें। साथ ही महबूबा मुफ्ती, उद्धव ठाकरे के भी आने की संभावना है।

इधर, झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कहा कि उन्होंने समारोह में इंडी गठबंधन के नेताओं के साथ–साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को भी आमंत्रित किया है।

*****************

नयी सरकार के शपथ ग्रहण कार्यक्रम को लेकर राजधानी रांची में ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। आज सुबह आठ बजे से रात दस बजे तक बड़े वाहनों का शहर में प्रवेश नहीं होगा। इसके अलावा दिन के 11 बजे से लेकर रात आठ बजे तक शहर में ऑटो और ई रिक्शा भी नहीं चलेंगे। बूटी मोड से बरियातू मार्ग में करमटोली चौक, एसएसपी आवास चौक, मोरहाबादी में टीआरआई चौक के पास सिर्फ जरूरी सेवाओं को छोड़कर हर तरह के वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगी।

शपथ ग्रहण समारोह को लेकर रांची के निजी और सरकारी विद्यालय भी आज बंद रहेंगे।

*****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं से विकसित भारत प्रश्नोत्तरी में भाग लेने का आग्रह किया है। विकसित भारत प्रश्नोत्तरी चार चरणों वाली प्रतियोगिता है, जिसमें युवाओं को भाग लेने और अपने विचार साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। इस की शुरूआत 25 नवंबर से हुई है और यह 5 दिसम्बर तक चलेगी। यह प्रतियोगिता 15 से 29 वर्ष की आयु के सभी व्यक्तियों के लिए खुली है।

*****************

देवघर हवाई अड्डे पर कथित रूप से सुरक्षा नियमों का उल्लंघन कर उड़ान भरने के मामले में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को झारखंड हाईकोर्ट से निरस्त किए जाने के आदेश को झारखंड सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

*****************

नयी दिल्ली के प्रगति मैदान में 14 से 27 नवंबर तक चले भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में बेहतर साज– सज्जा और बेहतरीन प्रदर्शनी के लिए रांची स्मार्ट सिटी को सम्मानित किया गया। झारखंड पवेलियन में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा अपनी अपनी परियोजनाओं से जुड़े स्टॉल लगाए गए थे। इसमें रांची स्मार्ट सिटी को बेहतर साज– सज्जा और बेहतरीन प्रदर्शनी के लिए पहला स्थान प्राप्त हुआ। उद्योग निदेशालय ने रांची स्मार्ट सिटी को सम्मानित किया।

*****************

लोहरदगा जिले में नालसा स्कीम चाइल्ड फ्रेंडली लीगल सर्विसेज फॉर चिल्ड्रन के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ  व्यवहार न्यायालय में किया गया।

*****************

गढ़वा जिले के रंका थाना क्षेत्र के बांदु बाजार के समीप शादी समारोह से लौट रही बराती कार के पलट जाने से चालक की मौत घटनास्थल पर हो गयी, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दो युवकों की गंभीर हालत को देखते हुए तुरंत गढ़वा रेफर कर दिया गया।

*****************

दक्षिण–पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बने गहरे दबाव से उठे फेंगल चक्रवाती तूफान का झारखंड में असर दिखेगा। तूफान का असर आज से 1 या 2 दिसंबर तक रहेगा। मौसम विभाग ने कहा है कि तीन दिसंबर तक सुबह कोहरा या धुंध और उसके बाद आंशिक बादल छाए रहेंगे। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आनेवाले दो से तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं दिखेगा। तीन दिसंबर के बाद कड़ाके की ठंड पड़ने के आसार हैं।

*****************

ओमान की राजधानी मस्कट में पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी के पहले मैच में कल भारत ने थाईलैंड को 11–0 से हरा दिया। भारत की ओर से अरजीत सिंह हुंदल, सौरभ आनंद कुशवाहा और गुरजोत सिंह ने दो–दो गोल किए। अर्शदीप सिंह, शारदा नंद तिवारी, दिलराज सिंह, रोहित और मुकेश टोप्पो ने एक–एक गोल किया। प्रतियोगिता में आज भारत का सामना जापान से होगा।

*****************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

राज्य से प्रकाशित होने वाले प्रमुख अखबारों ने झारखंड में नयी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है– आज हेमंत सोरेन की ताजपोशी, दिखेगी इंडिया गठबंधन की ताकत।
दैनिक जागरण ने इसी खबर पर लिखा है– चौथी बार हेमंत सरकार।

हिंदुस्तान ने जेपीएससी नियुक्ति घोटाले में कोर्ट की ओर से प्रगति रिपोर्ट मांगे जाने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

दैनिक भास्कर ने नक्सली छोटू खरवार के मारे जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस के मुख्यमंत्री पद के लिए चुने जाने की खबर को पहले पेज पर जगह दी हैं। वहीं हिंदुस्तान टाइम्स ने तमिलनाडू में उठे चकवाती तूफान की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*************